रविवार
08 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



दबंगई: भोजपुर में बालू घाट के रास्ता के विवाद में फायरिंग, एक को लगी गोली 2

## सूर्य की तपिश के आगे झुलस गई श्रीलंका टीम



**राजकोट।** श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी20 मैच में भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने 45 गेंदों में शतक जड़ दिया। सूर्य कुमार यादव ने 51 गेंदों में शानदार 112 रनों की पारी खेली। वहीं, सूर्यकुमार ने टी20 में नए साल का पहला शतक अपने नाम किया। सूर्य कुमार ने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। उन्होंने महज 45 गेंद पर 100 रन की आतिशी पारी खेली। सूर्यकुमार भारत के सबसे तेज शतक बनाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए। पहले नंबर पर अभी भी रोहित शार्म हैं। वहीं, मैच के दूसरी पारी में श्रीलंका की टीम ने बल्लेबाजी की। भारत ने मैच को दो रनों से जीत दर्ज की।

# वैशाली पहुंची सीएम की समाधान यात्रा, तेजस्वी हुए शामिल

- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 208 जगहों पर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व चार हजार जवानों रहे तैनात
- भुखमरी की कगार पर पहुंची महिला ने सीएम को दिया पत्र

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की समाधान यात्रा जारी है। शनिवार को इस यात्रा का तीसरा दिन रहा, जिसमें सीएम वैशाली पहुंचे और यहां का ब्योरा लिया। शनिवार की यात्रा के दिन की खास बात ये है कि डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी वैशाली पहुंचे हैं और उन्होंने भी सीएम के साथ योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा से सबसे पहले उन्होंने हरसेर गांव में मजार पर चादरपोशी की। इसके बाद विभिन्न विभागों के स्टॉल का मुआयना किया। मुख्यमंत्री ने महिला हेल्प लाइन द्वारा बनाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया और बेटियों की सुरक्षा से संबंधित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। सीएम नीतीश ने गोरौल में भी योजनाओं का हालचाल लिया।



यात्रा के दौरान जीविका दीदियों को चेक करते सीएम

चार जनवरी से शुरू सीएम की समाधान यात्रा पश्चिम चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी के बाद शनिवार को वैशाली जिला में पहुंच रही है। सीएम की इस यात्रा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भगवानपुर प्रखंड के हुसैना पंचायत एवं गोरौल प्रखंड के कटरमाला पंचायत में व्यापक तैयारी की गई है। सीएम की समाधान यात्रा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किये गए हैं। चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा जवानों और एसपीजी ने भगवानपुर के हुसैना व गोरौल के कटरमाला इलाके को अपने घेरे में ले लिया है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था को लेकर 208 जगहों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व चार हजार जवानों की ड्यूटी लगाई है।

**मुख्यमंत्री को महिला ने घेरा, अफसरों के उड़े होश :** समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक महिला ने घेर लिया। सीएम नीतीश को जनता दरबार का कागज दिखाते हुए महिला ने उनके मुंह पर कह दिया कि उसे उसकी मेहनत का पैसा मिलना चाहिए। इस दौरान सीएम नीतीश उसका कागज थामते हुए वैशाली डीएम यशपाल मीणा को मामला समझने का आदेश देते हैं। महिला का नाम इंदु है जो कि लोदीपुर पंचायत की रहने वाली है। महिला जब मुख्यमंत्री से ये शिकायत कर रही थी उसी वक्त सभी अफसरों के होश फाख्ता हो गए। आनन-फानन में महिला को शांत कराया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि बहुत जल्द आपका पैसा वापस कर दिया जाएगा। वहीं इस मामले में महिला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी परिवार भुखमरी की कगार पर है। अपना पैसा लेने के लिए बार-बार चक्कर काटना पड़ता है।

## राज्य में जातीय जनगणना शुरू; मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा-

# सभी जाति-धर्म के लोगों की स्थिति अच्छी होगी तभी बिहार आगे बढ़ेगा

- आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलने के बाद कमजोर लोगों को बढ़ाया जाएगा आगे
- जनगणना की रिपोर्ट केंद्र को भी भेजी जाएगी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना पर कहा कि यह राज्यों के साथ ही देश के अन्दर रह रहे लोगों की तरक्की और उनके आर्थिक विकास के लिये जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार से पहले भी जाति आधारित गणना कराये जाने की मांग की थी। जब हम सांसद थे, तब भी ये मांग हमने केन्द्र सरकार से की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित गणना को लेकर हमलोगों ने बिहार में सर्वदलीय बैठक की थी उसमें सभी पार्टियों के नेता शामिल हुये थे। बैठक में सभी ने एकमत होकर कहा कि जाति आधारित गणना होनी चाहिए।

वर्ष 2010 के बाद वर्ष 2011 में केन्द्र सरकार ने एक हद तक जनगणना के बाद इस संबंध में कुछ करने की कोशिश की लेकिन लगता है, वो ठीक ढंग से नहीं हो पाया। जिसके कारण उसे प्रचारित भी नहीं किया गया। हमलोग पहले से ही कह रहे हैं कि जाति आधारित गणना पूरे देश में एक ही साथ करायें, जैसे आप जनगणना करते हैं उसी तरह जाति के आधार पर भी एक-एक चीज की जानकारी लोगों को हो जानी चाहिए। बिहार में सर्वदलीय बैठक के बाद सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने प्रधानमंत्री से मिलने के लिए समय मांगा। प्रधानमंत्री के समक्ष सभी लोगों ने अपनी बातें रखीं। प्रधानमंत्री ने सबकी बातें सुनने के बाद निर्णय लिया कि केन्द्र सरकार जाति आधारित गणना नहीं करायेगी। हालांकि उन्होंने ये जरूर कहा कि अगर राज्य सरकार चाहे तो अपने स्तर पर जाति आधारित गणना करा सकती है।




अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम व डिप्टी सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यहां पर जाति आधारित गणना शुरू हो गयी है। हमने इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी रूप रेखा तय की और इस काम में ट्रेंड लोगों को लगाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके पहले चरण में देखा जाएगा कि कौन कहां कैसे रहते हैं। साथ ही, लोगों की आर्थिक स्थिति का भी पता लगाया जाएगा, चाहे वो किसी भी जाति के हों। आर्थिक स्थिति का पता लग जाने से जनता को बहुत लाभ होगा चाहे वो अपर कास्ट के हों, पिछड़े वर्ग के हों, दलित-महादलित समुदाय से हों अथवा किसी भी समाज के हों। सबलोगों की आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलने के बाद जो कमजोर होंगे, उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जाति-धर्म के लोगों की स्थिति अच्छी होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा। जाति आधारित गणना के आधार पर यहां जो रिपोर्ट तैयार होगी, वो केंद्र को भेज दी जाएगी। ताकि वो लोग भी देख लें कि यहां पर हमलोगों ने किस तरह से काम किया है।

### लोगों की पूरी जानकारी लेने के साथ किया जाये पूरा आकलन

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कई जगहों पर लोग जाति की जगह उपजाति के बारे में बोल देते हैं, उससे काम नहीं चलेगा। इसके लिए आसपास के लोगों से भी जानकारी ली जायेगी। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सही मायने में सबकी गिनती होनी चाहिए। इसके लिए जो गांव में रह रहे हैं, शहर में रह रहे हैं, कोई घर छोड़कर बाहर रह रहे है, उन सब लोगों के संबंध में पूरी जानकारी ली जाये और उसका पूरा आकलन किया जाये। इस गणना के बाद जो रिपोर्ट आयेगी उसकी पूरी जानकारी राज्य सरकार को उपलब्ध हो जाएगी। उसके बाद हमलोग इसको प्रकाशित और प्रचारित भी करवाएंगे। जो संभव हो रहा है राज्य सरकार अपने स्तर से कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की जिम्मेवारी है कि सभी राज्यों को आगे बढ़ाये। सभी राज्य विकसित होंगे तभी देश विकसित होगा। जब कुछ राज्य अविकसित रहेंगे तो देश कैसे विकसित होगा? सभी राज्यों को मिलाकर ही देश बना है इसलिए केन्द्र को सभी राज्यों पर ध्यान देना चाहिए।

## कैमूर में गार्ड की हत्या कर एटीएम वैन से 14 लाख लूटा

**भभुआ।** जिले में एटीएम में रुपए डालने आए कैश वैन से 14 लाख रुपए की लूट हुई। बाइक सवार 3 लुटेरों पहले वैन के गार्ड की आंखों में मिर्च पाउडर झोंका। फिर सीने में गोली दाग दी। इसके बाद एटीएम के अंदर घुसकर कैश से भरा झोला लेकर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना भभुआ शहर के पूरब पोखरा के पास पीएनबी के एटीएम की है। मृत गार्ड की पहचान कैमूर जिले के बेलावं थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी स्व. बबन चौबे के पुत्र भानु कुमार चौबे के रूप में हुई है। ??शनिवार की दोपहर 1:30 बजे कैश डालने कैश वैन पहुंचा था। पीएनबी के गार्ड प्रेम राम ने बताया कि एक गार्ड गाड़ी में बैठा था दूसरा गार्ड एटीएम के पास कुर्सी लगाकर बैठ गया और 2 लोग कैश लेकर अंदर गए। इतने में तीन की संख्या में लड़के ब्लू रंग की अपाचे बाइक से आए जो बिना नंबर प्लेट की थी। कुर्सी पर बैठे गार्ड के आंख में मिर्ची पाउडर डालकर उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद तीन राउंड हवाई फायरिंग करते हुए एटीएम के अंदर घुस गए। कैश वाला झोला ले लिया और गार्ड का हथियार छीनकर फरार हो गए। गोली से घायल भानु कुमार को लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से 100 मीटर पूरब गार्डो से लूटी गई दो राइफल को बरामद कर लिया। वही कैश वैन में कहीं से भी सीसीटीवी कैमरा नहीं दिखा जो कि अमूमन हर गाड़ियों में लगा रहता है।

कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि पूरब पोखरा के पास पीएनबी का एटीएम है। अपराधी कैश लेकर फरार हो गए हैं। कितना कैश ले गए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं हो पाई है। जांच की जा रही है।

## चौसा थर्मल पावर के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन कार्य को किसानों ने रोका

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में बन रहे थर्मल पावर प्लांट के लिए पानी आपूर्ति गंगा से की जानी है। शनिवार को चौसा हाई स्कूल के समीप पाइप लाइन बिछाने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर दर्जनों गांव के किसान सैकड़ों की संख्या में वहां जमा हो गए। किसानों का आक्रोश देख एजेंसी को पुलिस बुलानी पड़ी। देखते ही देखते इलाका छावनी में तबदील हो गया। लेकिन, भू स्वामियों और किसानों के विरोध के कारण सबको वापस लौटना पड़ा।

यहां सबसे बड़ी अड़चन यह सामने आ रही है कि मुआवजा वर्ष



2013 की दर से दिया जा रहा है। जबकि किसानों का कहना है हमें 2022 की दर से भुगतान हो। इसी को लेकर दोनों पक्षों के मध्य सहमति नहीं बन रही। जिसका विरोध कर रहे किसानों ने संबंधित निर्माण एजेंसी को काम नहीं करने दिया। इतना ही नहीं किसानों ने यह भी कहा कि थर्मल पावर प्लांट तक रेल लाइन बिछाई जानी है। हम उसका भी विरोध करेंगे। हालांकि अधिकारियों ने कहा आप सभी का भुगतान के लिए प्रयासरत हैं।




## गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन, टीआरएफ का कमांडर भी आतंकी

# केंद्र सरकार ने पीएएफएफ को आतंकी संगठन घोषित किया

- जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा था संगठन, राजौरी में सैन्य शिविर पर हमले की जिम्मेदारी ली थी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने टीआरएफ के बाद अब जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीएएफएफ और इसके सभी समूहों को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत यह कार्रवाई की है। गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी। पीएएफएफ ने बीते साल जम्मू-कश्मीर के राजौरी में एक सैन्य शिविर पर हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली



थी, जिसमें 4 सैनिक मारे गए थे। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया था। इस संगठन ने कश्मीर में जी-20 बैठक का आयोजन करने के खिलाफ धमकी दी थी।

इसके अलावा गृह मंत्रालय ने अरबाज अहमद मीर को आतंकवादी घोषित किया गया है। वह लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करता है। अरबाज जम्मू-कश्मीर के रहने वाला है, फिलहाल वह पाकिस्तान में रह रहा है। इससे पहले गृह मंत्रालय ने गुरुवार रात लश्कर के प्रॉक्सी संगठन टीआरएफ पर बैन गया दिया था। यह संगठन जम्मू-कश्मीर में कई टारगेट किलिंग में शामिल रहा है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार देर रात टीआरएफ पर प्रतिबंध का नोटिफिकेशन जारी किया। साथ ही मंत्रालय ने टीआरएफ के कमांडर शेख सज्जाद गुल और लश्कर कमांडर मोहम्मद अमीन उर्फ अबु खुबैब को आतंकी घोषित कर दिया था। दोनों पर यह कार्रवाई यूएपीए के तहत हुई। सरकार ने सितंबर 2022 में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई पर 5 साल के लिए बैन कर दिया था। इन सभी के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले थे।

मंत्रालय के अनुसार टीआरएफ आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने, आतंकियों की भर्ती, आतंकियों की घुसपैठ और पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए युवाओं की भर्ती कर रहा है। टीआरएफ साल 2019 में अस्तित्व में आया था। इस पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए जम्मू-कश्मीर के युवाओं को भारत सरकार के खिलाफ उकसाने का आरोप है। वहीं, लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर मोहम्मद अमीन उर्फ अबु खुबैब को आतंकवादी घोषित किया गया है। वह जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है, फिलहाल वह पाकिस्तान में है। खुबैब लश्कर-ए-तैयबा के लॉन्चिंग कमांडर के रूप में कार्य कर रहा है, उसका पाकिस्तान की एजेंसियों के साथ भी संबंध है।

## खबरें फटाफट

### ताला तोड़कर चोरों ने की चोरी

**जहानाबाद।** जिले के टेहटा ओपी क्षेत्र के धीरा बिगहा गांव में बीती रात चोरों ने एक बंद माकन को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी विष्णु चौहान घर में ताला लगा कर पूरे परिवार के साथ ईट भट्टे पर काम करने बंगाल गया हुआ था। इधर घर में ताला बंद देख चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर रखें लगभग 10 हजार रुपया नगद कुछ गहने सहित कपड़ा लत्ता सहित अन्य सामान की चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने बताया के इस संबंध में गृह स्वामी को सूचना दे दी गई है। साथ में स्थानीय थाने को भी सूचित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गृह स्वामी के आने के बाद थाने में लिखित आवेदन दिया जाएगा।

### डंपर की टक्कर से पिकअप चालक व खलासी जख्मी

**कैमूर।** जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर तेज रफ्तार टाटा मैजिक गाड़ी ने आगे जा रही डंपर में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जबरदस्त था कि चालक मैजिक में ही फंस गया और सह चालक घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और टाटा मैजिक में फंसे चालक को बाहर निकाल कर निजी वाहन से उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया। चिकित्सकों ने चालक व खलासी का उपचार किया। वहीं चालक की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे वाराणसी रेफर कर दिया गया। औरंगाबाद से बनारस जाने के दौरान हुई घटना। घायल टाटा मैजिक चालक बनारस का रहने वाला आशीष चौधरी बताया जा रहा। बताया जाता है कि पीकअप औरंगाबाद से बनारस के लिए जा रहा था। तभी मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी के पास एनएच-दो पर टाटा मैजिक की रफ्तार अधिक होने के कारण आगे जा रहे डंपर में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे चालक गाड़ी में ही फंस गया और स्टेरिंग से उसके छाती पर तेज चोट लगी और सह चालक को हल्की चोट आई है। सह चालक की स्थिति ठीक है।

# ठंड में मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें टीबी के इलाजरत मरीज: सीएस

- सर्दियों में कोहरे के कारण बढ़ जाती है टीबी के संक्रमण प्रसार की संभावना
- टीबी का एक मरीज 10 से 15 लोगों को कर सकता है संक्रमित

**केटी न्यूज/बक्सर**

सर्दी हो, कोरोना संक्रमण हो या फिर सांस से जुड़ी हुई कोई भी बीमारी, मास्क के प्रयोग से उसे बचाव मुमकिन है। इसलिए टीबी के मरीजों को मास्क का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। ताकि, मास्क के प्रयोग से टीबी के संक्रमण को रोका जा सके। सर्दियों में टीबी मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती हैं , जिसके कारण उन्हें और भी सवधानी बरतने की जरूरत होती । टीबी की बीमारी छींकने, खांसने से फैलती है। बीते वर्षों में कोरोना से बचाव के लिए अधिकांश लोगों ने लगातार मास्क का उपयोग किया है। जिसके कारण टीबी का संक्रमण एक से दूसरे में कम फैला। उन्होंने बताया कि टीबी का एक मरीज सालभर में 10 से 15 लोगों को संक्रमित करता है। कहा जाए तो नए मरीज बनाता है। इस बार भी संक्रमण तेजी से फैला लेकिन मास्क ने उसे काफी हद तक फैलने से रोका। लोगों से अपील है कि आगे भी इसी तरह मास्क का उपयोग करते रहें। ताकि कोरोना के साथ अन्य कई तरह की बीमारियां उन्हें चपेट में नहीं लेंगी।



**वायु द्वारा फैलते हैं टीबी के रोगाणु :** सिविल सर्जन सह प्रभारी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, टीबी के रोगाणु वायु द्वारा फैलते हैं। जब फेफड़े का यक्ष्मा रोगी खांसता या छींकता है तो लाखों-करोड़ों की संख्या में टीबी के रोगाणु थूक के छोटे कणों (ड्राप्लेट्स) के रूप में वातावरण में फेंकता है। यही हवा में तैरते हुए ड्रॉप्लेट्स या बलगम के छोटे-छोटे कण जब सांस के साथ स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाते और वह व्यक्ति टीबी रोग से ग्रसित हो जाता है। जिसके बाद उनमें भी टीबी के रोगाणु बढ़ने लगते और उसे टीबी का मरीज बना देते हैं। उन्होंने बताया, चिकित्सा कर्मी की देखरेख में रोगी को अल्पावधि वाली क्षय निरोधक औषधियों के सेवन कराने वाली विधि को डॉट्स (डायरेक्टली ऑब्जर्वड ट्रीटमेंट शॉर्ट कोर्स) कहते हैं। इसके तहत किया गया इलाज काफी प्रभावी हो जाता है। पूरा कोर्स कर लेने पर यक्ष्मा बीमारी से मरीजों को मुक्ति भी मिल जाती है।

### टीबी से ग्रसित मरीजों के लिए ठंड घातक

सिविल सर्जन डॉ. नाथ ने बताया, टीबी से ग्रसित मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर हो जाती है। ऐसे में ठंड व शीतलहर से बचाव के साथ साथ उचित आहार लेना भी जरूरी है। सर्दियों का मौसम फेफड़े में टीबी के मरीज के लिए काफी घातक होता है। यदि ठंड से बचने के लिए समुचित सावधानी नहीं बरती गई तो सर्द हवा एवं वायु में मिश्रित प्रदूषण के कण फेफड़ों में पहुंचकर टीबी बीमारी को और जटिल बना सकता है। इसलिए उन्हें मास्क का नियमित रूप से प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मौसम में अच्छी सेहत के लिए मौसमी फलों, हरी सब्जियों के साथ साथ भोजन में दालों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। ताकि, रोग से उबरने में उन्हें सहायता मिल सके।

### संदेश थाना के सारीपुर में शनिवार की दोपहर सात राउंड चली गोलियां

# दबंगई: भोजपुर में बालू घाट के रास्ता के विवाद में फायरिंग, एक को लगी गोली

- घटना में पुलिस ने की एक राउंड की पुष्टि
- छानबीन में जुटी पुलिस ने एक आरोपित को दबोचा, जेडी मशीन न बाइक जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर में शनिवार की दोपहर बालू घाट के रास्ते के विवाद में दो पक्षों में झड़प हो गयी। उस दौरान फायरिंग भी की गयी। करीब पांच से छह राउंड गोली चलने की बात कही जा रही है। उसमें एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गयी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी शख्स सारीपुर गांव निवासी धर्मनाथ सिंह का 45 पुर्षीय पुत्र सुरेश सिंह हैं। उनका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस द्वारा एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। घटनास्थल से एक जेडी मशीन और एक बाइक जब्त की गयी है। गिरफ्तार युवक अजिमाबाद थाना क्षेत्र के कमरियां गांव निवासी रितोश कुमार बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से एक से दो राउंड फायरिंग की पुष्टि की जा रही है।



जख्मी युवक का इलाज करते चिकित्सक

थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि बालू घाट के रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद है। उसी विवाद में झड़प व फायरिंग हुई है, जिसमें एक व्यक्ति को गोली लगी है। मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। घायल से फर्द बयान लेकर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

**जबरन गड्ढा भरने को लेकर भिड़ गया दोनों पक्ष और चल गयी गोली :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सारीपुर बालू घाट पर दो पक्षों में रास्ते को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। उसके बाद एक पक्ष के सुरेश सिंह की ओर से अपने खेत में गढ्ढा खोद रास्ता रोक दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा? एग्रीमेंट होने का हवाला दे रास्ता खुलवाने का प्रयास किया जाने लगा। उसे लेकर जेडी मशीन से जबरन गढ्ढे को भरा जाने लगा। इसी क्रम में दोनों पक्षों में झडप हो गयी। उसके बाद फायरिंग शुरू कर दी गयी। उसमें सुरेश सिंह के दायें पैर में गोली लग गयी। गोली लगते ही अफरातफरी मच गया। दोनों पक्ष के लोग भागने लगे। उसी क्रम में पीड़ित पक्ष की ओर से भाग रहे दूसरे पक्ष के एक युवक को पकड़ लिया गया। उसके साथ मारपीट भी की जाने लगी।

**खून के धब्बे मिटाने में पुलिस ने जेडी मशीन की जब्त :** बताया जा रहा है कि गोली लगने के बाद आरोपितों द्वारा घटनास्थल पर गिरे खून के धब्बे को जेडी मशीन से मिटाया जा रहा था। उस की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके से मशीन जब्त कर ली। इसके अलावे आरोपितों द्वारा छोड़ी गयी एक बाइक भी घटनास्थल से जब्त की गयी है।

## समोसा खा रहे किशोर को दोस्त के पिता ने ही मारी गोली, हालत गंभीर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के हसनबाजार ओपी क्षेत्र के कातर मोड़ के पास शुक्रवार की शाम समोसा खा रहे एक किशोर को गोली मार दी गयी। गोली उसके दाहिने साइड कमर के निचले हिस्से पर लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।? उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी किशोर कातर गांव निवासी मनोज सोनी का 15 वर्षीय पुत्र पवन सोनी है। गोली मारने का आरोप उसके दोस्त के पिता पर लगाया जा रहा है। पवन सोनी ने बताया कि गांव के दोस्ती से उसकी। कुछ दिन पहले कहासुनी हुई थी। तब बात खत्म हो गई थी और दोनों के बीच बातचीत भी बंद हो गई।

शुक्रवार की शाम वह अपने अन्य दोस्तों के साथ कातर मोड़ स्थित दुकान पर समोसा खाने गया था। तभी उसके उक्त दोस्त के पिता नशे में धुत होकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने हथियार निकाल लिया। उसे देख सभी बच्चे भागने लगे। उसी दौरान उक्त व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उस मामले को लेकर किशोर के पिता की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

**वाराणसी के बाद इलाज के लिया लाया गया पीरो :** गोली लगने के बाद किशोर को उसके परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे वाराणसी ले गये थे। हालांकि वहां उचित इलाज नहीं हो सका। उसके बाद शनिवार को उसे पीरो रेफरल अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के बाद उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन उसे सदर लेकर पहुंचे। इधर, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार कातर मोड़ पर समोसे की दुकान पर आरोपित नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहा था। उसी के विरोध करने पर उसने फायरिंग कर दी। उसमें पवन सोनी को गोली लग गयी।

## एक नजर

### जिला प्रशासन ने कलाकारों को किया रवाना



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार शनिवार को समाहरणालय परिसर से प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा मार्गण सिन्हा ने मुजफ्फरपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, 2022-23 में जिले से चयनित कलाकारों को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा द्वारा बताया गया कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, 2022 का आयोजन बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दो दिनों दिनांक 08 एवं 09 जनवरी, 2023 को किया जा रहा है। राज्य स्तर पर समूह गायन, समूह लोकनृत्य, एकाकी नाटक, शास्त्रीय नृत्य (कत्थक, ओड़िसी, भरत नाट्यम, मणिपुरी तथा कुच्चीपुड़ी), शास्त्रीय गायन (एकल), शास्त्रीय वादन (एकल) प्रस्तुति (सितार, गिटार, तबला, बांसुरी, वीणा, मृदंगम), हारमोनियम वादन (सुगम) एवं वक्तृता (हिन्दी या अंग्रेजी) एकल आदि का आयोजन किया जाना है। जहानाबाद जिले से जिला युवा महोत्सव, 2022-23 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवा राज्स स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेने गये है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चयनित किये जाऐंगे और पूरे राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे।

### आदिवासी महिला से रेप व हत्या मामले से नाराज ग्रामीणों ने किया उग्र प्रदर्शन



**रोहतास।** शुक्रवार की देर रात रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी स्थित वन विभाग के कार्यालय पर भारी हंगामे के बाद पुलिस-प्रशासन हालात पर काबू पा सका। मौके पर डीएम धर्मेंद कुमार एवं एसपी विनित कुमार के पहुंचने पर लोग माने और मृतक महिला के पोस्टमार्टम के लिए तैयार हुए। इसके बाद रोहतास थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेजा। रोहतास पुलिस की ओर से आज जानकारी दी गई है कि एक आदिवासी महिला की मृत्यु संदेहास्पद परिस्थितियों में होने की सूचना मिली है। शव का अंत्यपरीक्षण करा लिया गया है। घटनास्थल पर श्वान दस्ता एवं फॉरेंसिक टीम रवाना किया जा रहा है। अनुसंधान के क्रम में आगे की सूचना जारी की जाएगी। ज्ञात हो कि नागा टोली गांव कि 30 साल की महिला गत बुधवार को वन में लकड़ी चुनने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। गुरुवार को महिला का शव घने जंगल के कठौतिया घाट के पास होने की जानकारी मिली थी। शुक्रवार को घर वाले और ग्रामीण शव को लाने जंगल गए और शाम में वापस लौटे। शव का हाल देखकर लोगों ने आशंका जताई कि दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या कर जंगल में फेंक दिया गया है। इसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए और शव के साथ नारेबाजी करते हुए वन विभाग के कार्यालय पहुंचे और शव के साथ आगजनी कर उग्र प्रदर्शन करने लगे थे।

### बिहार जाति आधारित गणना की हुई शुरूआत



**जहानाबाद।** जिले में बिहार जाति आधारित गणना, 2022-23 कार्य सभी प्रखंडों में प्रारंभ किया गया। जाति आधारित गणना कार्य हेतु जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड में 557 प्रगणक एवं 93 पर्यवेक्षक को, काको प्रखंड में 382 प्रगणक को एवं 64 पर्यवेक्षक को, मोदनगंज प्रखंड में 214 प्रगणक एवं 36 पर्यवेक्षक को, हुलासगंज प्रखंड में 232 प्रगणक एवं 39 पर्यवेक्षक को, जहानाबाद सदर प्रखंड में 379 प्रगणक एवं 63 पर्यवेक्षक को, घोषी प्रखंड में 192 प्रगणक एवं 32 पर्यवेक्षक को, रतनी फरीदपुर प्रखंड में 364 प्रगणक एवं 61 पर्यवेक्षक को, नगर परिषद, जहानाबाद में 197 प्रगणक एवं 33 पर्यवेक्षक को, नगर पंचायत, काको में 48 प्रगणक एवं 08 पर्यवेक्षक को, नगर पंचायत, मखदुमपुर में 66 प्रगणक एवं 11 पर्यवेक्षक को तथा नगर पंचायत, घोषी में 63 प्रगणक एवं 11 पर्यवेक्षक को गणना कार्य में लगाया गया है। जिला स्तर पर चार्ज पदाधिकारी, सहायक चार्ज पदाधिकारी एवं फिल्ड ट्रेनर का एक दिवसीय प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 दिसंबर एवं 30 दिसंबर 2022 को आयोजित किया जा चुका है। साथ हीं प्रखंड स्तर एवं नगर निकाय स्तर पर प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को भी दिया गया है। प्रथम चरण के गणना में प्रगणक द्वारा वार्डो का नजरी नक्शे/मानचित्र तैयार करने, मकान सूचीकरण यथा गणना क्षेत्र का निर्धारण, गृह संख्या का निर्धारण तथा संक्षिप्त गृह पंजी को तैयार करने संबंधित कार्य प्रारंभ किया गया है।

## अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ एक गिरफ्तार, दो धंधेबाज फरार

**आरा।** भोजपुर पुलिस को अवैध शराब खिलाफ अभियान में शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चरपोखरी थाना क्षेत्र के करनौल गांव स्थित एक घर से पुलिस ने अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। वह उसी गांव का रहने वाला प्रेम कुमार सिंह है। हालांकि दो तस्कर भागने में सफल रहे। करीब 13 सौ लीटर शराब जब्त की गयी है, जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है।

जानकारी के अनुसार नये एसपी प्रमोद कुमार को करनौल गांव में अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप आने की सूचना मिली। उसके बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी। उस दौरान शिवभूषण सिंह के मकान से शराब की खेप बरामद की गयी। मौके से करनौल गांव निवासी वीरेंद्र सिंह के पुत्र प्रेम कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। जबकि दो तस्कर भागने में सफल रहे। उनमें करनौल गांव निवासी दीपू सिंह और उदवंतनगर थाने के मलथर गांव निवासी अमर मुखिया शामिल हैं। एसडीपीओ के अनुसार मौके से हरियाणा और पंजाब निर्मित 1387 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। इस मामले में प्रेम कुमार सिंह, उसके भाई दीपू सिंह, मलथर गांव निवासी अमर मुखिया और गृहस्वामी शिवभूषण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गिरफ्तार धंधेबाज से धंधे में शामिल गिरोह की पहचान की जा रही है।

## हत्या में आरोपित विचाराधीन बंदी की बीमारी के कारण मौत

**केटी न्यूज आरा**

- इलाज के दौरान तोड़ा दम, मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हुआ पोस्टमार्टम

आरा में हत्या में आरोपित एक विचाराधीन बंदी की बीमारी के कारण मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में शुक्रवार की रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक बंदी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कवंरा गांव निवासी सिपाही मुसहर का 40 वर्षीय पुत्र राम जी मुसहर था। वह गांव के ही एक युवक की हत्या के आरोप में करीब दो साल से जेल में था। मंडल कारा के प्रभारी अधीक्षक सत्यप्रकाश की ओर से बंदी की मौत की पुष्टि की गयी है।

प्रभारी कारा अधीक्षक ने बताया कि बंदी को टीबी की बीमारी थी। काफी दिनों से बीमार चल रहा था। इलाज भी चल रहा था। इस बीच शुक्रवार की रात इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। उसके बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, बंदी के परिजन ने बताया कि दो वर्ष पूर्व गांव का ही मुरन मुसहर का पुत्र राजू मुसहर शराब के नशे में उनके घर में घुस गया था। उसको लेकर उसके साथ मारपीट हुई थी। उसमें राजू मुसहर की मौत हो गई थी। उस मामले में राजू मुसहर के परिजनों द्वारा रामजी मुसहर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसी मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से ही वह जेल में बंद थे। इसी बीच



उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। उसके बाद जेल प्रशासन द्वारा उसे उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद जेल प्रशासन द्वारा मौत की सूचना दी गयी। वहीं मौत की सूचना पर नगर थाने की पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में सदर राजकुमार भी मौजूद थे। इधर, पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी गयी।

विचाराधीन बंदी को बेहतर इलाज के पटना भेजे जाने की तैयारी चल रही थी। उसे लेकर मेडिकल बोर्ड द्वारा अनुमति भी दे दी गयी थी। लेकिन पटना भेजे जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन द्वारा उसे एक दिन पूर्व सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में लाया गया था। तब उसकी स्थिति काफी खराब थी।

### खसरा-रुबेला टीका से वंचित बच्चों का खोजी अभियान हुआ शुरू

# 2023 तक खसरा रुबेला को जड़ से खत्म करने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

- टीके से वंचित पांच साल से कम आयु के बच्चे की हो रही खोज

**केटी न्यूज/सासाराम**

पोलियो उन्मूलन की तरह ही खसरा व रुबेला बीमारी को जड़ से खत्म करने के किये अब केंद्र सरकार ने कमर कस ली है। इस खसरा-रुबेला बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए दिसंबर 2023 का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अभियान चला कर खसरा रुबेला टीका से वंचित बच्चों का पता लगाने के लिए डोर टू डोर सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। आशा कर्मी घर घर जा कर पांच वर्ष से कम वैसे बच्चों का पता लगा रही हैं जिन्हें खसरा और रुबेला की प्रथम और दूसरी डोज का टीका नहीं पड़ा है।



**क्या है खसरा रुबेला और इसके लक्षण :** खसरा और रूबेला दो अलग अलग वायरल रोग है। आमतौर पर रूबेला खसरे की तुलना में हल्के संक्रमण का कारण बनता है, लेकिन इसके परिणाम स्वरूप गंभीर जन्म दोष होते हैं। खसरा रोग संक्रामक रोग के कारण होता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने वाली बीमारी है। खसरा होने पर इसमें पूरे शरीर पर लाल चकत्ते उभर आते हैं। शुरूआत में दो चार जगहों पर दाने दिखाई देते फिर धीरे धीरे पूरे शरीर पर फैल जाते हैं । वहीं रुबेला भी एक वायरल बीमारी है जिसे जर्मन खसरा भी कहते हैं।

**जिले में 10 जनवरी तक सर्वे का लक्ष्य :** यूनिसेफ के एसएमसी डॉ असजद इकबाल सागर ने बताया कि खसरा और रुबेला बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए देशव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान की शुरूआत कर दी गई है। उन्होंने बताया कि टीका से वंचित पांच साल से कम के बच्चों का सर्वे किया जा रहा है। 10 जनवरी तक सर्वे का कार्य पूरा कर लेना है। वहीं 16 जनवरी को सर्वे की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज देनी है। सर्वे के बाद टीका से वंचित सभी बच्चों को 31 जनवरी तक टीकाकरण भी कर देना है।

**अभियान में सब की सहभागिता अहम :** सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने बताया कि दिसम्बर 2023 तक खसरा रुबेला को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति अपनी सहभागिता निभा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में आम लोगों की सहभागिता भी जरूरी है। क्योंकि जब तक आम लोगों में जागरूकता नहीं आएगी तब तक किसी भी अभियान को सफलता नहीं मिल सकती है। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की है कि खसरा रुबेला जैसी बीमारी के लिए कराए जा रहे टीकाकरण सव में सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

## खबरें फटाफट

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**सिमरी।** रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस ने दिवा गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के संपत चक से 45 पीस शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तारी आरोपी पवन कुमार इसी थाना क्षेत्र के गंगौली गांव का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार वह यूपी के बलिया से एक झोला में छिपाकर शराब ला रहा था। इसी दौरान रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस संपत चक के पास दिवा गश्ती अभियान चला रही थी। वह जैसे ही वहा पहुंचा तो पुलिस टीम को देख भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया तथा तलाशी ली तो झोला से 45 पीस अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी संजय विकास त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की है।

### शिविर में आए 30 से अधिक आवेदन

**डुमरांव।** प्रखंड के नंदन पंचायत में शनिवार को आयोजित सप्ताहिक शिविर में 30 से अधिक आवेदन आए है। पंचायत भवन पर आयोजित इस शिविर में मुखिया रामजी सिंह यादव भी उपस्थित थे। सबसे अधिक दाखिल खारिज के आवेदन आए। इसके अलावे राशन कार्ड में नाम जोड़ने तथा वृद्धा दिव्यांग और विधवा पेंशन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किया गया। हालांकि इस शिविर में सीओ अंकिता सिंह के नहीं आने से कई मामलों का निष्पादन नहीं हो सका। जिससे लोगों को निराशा झेलनी पड़ी। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, अंचल निरीक्षक, पंचायत सचिव, लेखापाल, आईटी सहायक के अलावे बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### नाली निकास नहीं होने से लोग परेशान

**डुमरांव।** नगर के ढेलवानी मोहल्ला की मुख्य सड़क के किनारे दो वर्ष पहले नगर परिषद द्वारा बनवाया गया नाली अनुपयोगी हो गई है। इस नाली के पानी का निकास नहीं होने से जगह जगह इसमें जलजमाव हो गया है। जिससे उठने वाला सड़ांध आस पास के लोगों के लिए परेशानी का सबव बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा शायद ही कभी इस नाली की सफाई करवाई जाती है। मोहल्ले के जैनुल होदा उर्फ बब्लू ने कहा कि इस नाली के पानी का निकास नहीं होने से यह समस्या बनी हुई है। उन्होंने नाली के पानी का निकास कराने की मांग नगर परिषद प्रशासन से की है।

### जाति जनगणना शुरू

**केसठ।** प्रखंड में जाति आधारित जनगणना कार्य शनिवार से शुरू हो गया है। यह कार्य 21 जनवरी 2023 तक चलेगा। इस अंतराल में जनगणना का काम पूरा कर लिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनगणना का मुख्य उद्देश्य है कि बिहार में किस जाति की कितनी जनसंख्या है। और उसकी स्थिति क्या है। इसके लिए कर्मचारी गण को वार्ड का बंटवारा कर दिया गया है। सभी लोग अपने अपने वार्ड का नजरी नक्शा बनाकर सभी मकानों का चिन्हित करेंगे। इसके बाद जनगणना कर्मी घर घर जाकर परिवार की स्थिति का गणना करेंगे।

# विदेशी सैलानियों के साथ बक्सर पहुंचा पहला स्वदेशी जलयान गंगा विलास क्रूज

**केटी न्यूज/बक्सर**

- ऐतिहासिक लड़ाई का मैदान देखने पहुंचे यात्री
- 21 दिसंबर को कोलकाता से शुरू हुई है यात्रा, 13 को वाराणसी से पीएम मोदी पुन: करेंगे रवाना

देश का पहला स्वदेशी जलयान 'गंगा विलास क्रूज' शनिवार को सुबह 8:30 बजे बक्सर के रामरेखा घाट पहुंचा। इस जलयान पर 30 विदेशी सैलानी मौजूद थे। बक्सर पहुंचते ही एडीएम प्रीतेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्रियों को जोरदार स्वागत किया। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के तहत इसके यात्री रामरेखा घाट पर उतरकर बक्सर के विभिन्न ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के भ्रमण पर निकल गए। मंदिरों में दर्शन के पश्चात वे कतकौली के लड़ाई मैदान में पहुंचे। जहां से वापस दो घंटे बाद पुनः रामरेखा घाट पर पहुंचे और उन्हें लेकर क्रूज आगे की तरफ से प्रस्थान कर गया। इस दौरान बक्सरवासियों में भी क्रूज व उसके यात्रियों को देखने के लिए कौतूहल



रामरेखा घाट पर घुमते सैलानी

बनी रही। इसके पहले शुक्रवार को ही यह जलयान बक्सर की सीमा में प्रवेश कर गया था तथा दियारा क्षेत्र में रूका था जहा से यात्रियों ने बलिया की सैर की थी तथा रात में बक्सर से थोड़ा पहले अर्जुनपुर में जलयान ने रात्रि विश्राम किया था। वहा से फिर सुबह रामरेखा घाट के लिए रवाना हुआ। बता दें कि गंगा विलास क्रूज 21 दिसंबर को कोलकाता से वाराणसी के लिए रवाना हुआ है। यात्रियों के स्वागत करने में प्रीतेश्वर प्रसाद के साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्र, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपचंद जोशी समेत तमाम पदाधिकारी यात्रियों के स्वागत के लिए खड़े थे।

**मकर संक्रांति के दिन फिर पहुचेंगे यात्री :** अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि वाराणसी में 13 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा इस यात्रा का विधिवत शुभारंभ तथा यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। वापसी के क्रम में यह यात्रा 15 जनवरी को पुनः बक्सर पहुंचेगी तथा एक मार्च को कोलकाता में पहुंचकर यह यात्रा समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी इस पर 30 यात्री सवार है जबकि वापसी के क्रम में कुछ और यात्री भी सवार होंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक का यही सिड्यूल है। हालांकि मौसम की स्थिति को देखते हुए आगमन की तिथि आगे भी बढ़ सकती है।

**18 कमरों तथा आधुनिक सुविधाओं से युक्त है गंगा विलास क्रूज :** भारतीय जलमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की माने तो गंगा विलास भारत में निर्मित पहला जलयान है तथा यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। सुरक्षा मानकों की मजबूत कसौटी पर भी इसे परखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसमें 18 कमरे है। 21 दिसंबर को इसमें सभी यात्री कोलकाता से सवार हुए है और 22 दिसंबर को यह जलयान वहां से रवाना हो चुका है। आने के क्रम में 15 दिन यह बांग्लादेश की जल सीमा में भी रहा है जबकि वापसी के दौरान भी यह 15 दिन बांग्लादेश के जल सीमा से होकर वापस कोलकाता पहुंचेगा।

### खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग ने जारी की छापेमारी

# यूरिया की किल्लत: दूसरे दिन भी खाद दुकानों पर उमड़ी रही किसानों की भीड़

- किसानों ने कहा- मांग के अनुरूप कम दिया जा रहा है खाद, खेती होगी प्रभावित

**केटी न्यूज/डुमरांव**





प्रमुख रबी फसल गेहूं की बुआई के बाद भी किसानों को इस कड़कड़ाती ठं डमें आराम नहीं मिल पा रहा है। उन्हें सरकारी उदासीनता व प्रशासनिक बदइंतजामी का शिकार हो इस भीषण शीतलहरी में भी पूरे दिन खाद दुकानों पर लाइन लगाना पड़ रहा है। शनिवार को भी नया भोजपुर के इफको मॉल समेत जिलेभर के अन्य इफको सेंटरों पर यूरिया के लिए किसान पूरे दिन आपाधापी मचाते रहे।

जिन्हें खाद मिल रहा था उनकी शिकायत थी कि जरूरत से कम खाद दिया जा रहा है जबकि कई किसानों ने कहा कि घंटो लाइन में लगने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिला है। नया भोजपुर स्थित कृषि मॉल पर किसानों की भीड़ को देख प्रशासन पहले से एलर्ट मोड में था। यह लगातार दूसरा दिन था जब इस केन्द्र पर प्रशासन व पुलिस के देखरेख में किसानों के बीच खाद का वितरण किया गया।

यहां प्रखंड कृषि पदाधिकारी गोपाल जी प्रसाद कृषि समन्वयक तथा किसान सलाहकार के साथ ही नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार अपनी टीम के साथ मुस्तैदी से तैनात हो खाद का वितरण कराए। पहले उन किसानों को खाद दिया गया, जिन्हें शुक्रवार को कूपन दिया गया था। एक तरफ खाद का वितरण शुरू हुआ तो दूसरी तरफ प्रखंड कृषि पदाधिकारी स्वयं अपने हाथों से वंचित किसानों को कतारबद्ध कर कूपन दे रहे थे। इस तरह पूरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में खाद का वितरण हो पाया। लेकिन किसानों की परेशानी कम नहीं हुई। किसानों का शिकायत था कि उन्हें मांग के अनुरूप खाद की मात्रा नहीं मिली है। जबकि कई ऐसे थे जो कह रहे थे कि शुक्रवार को उन्हें कूपन नहीं मिला था। उन्हें खाद के लिए तीन दिनों तक इस केन्द्र का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### शुक्रवार को हुए हंगामा से सावधान थी पुलिस

बता दें कि शुक्रवार को करीब एक सप्ताह के बाद इस केन्द्र को यूरिया की खेप मिली थी। जिसके बाद करीब ढाई हजार से अधिक किसान खाद लेने पहुंच गए थे। इस दौरान किसान काफी उग्र हो आपस में धक्का मुक्की तथा मिट्टी फेंकने जैसी हरकतें भी किए थे। जिससे सबक लेकर प्रशासन भी तैयारी कर के आई थी। लेकिन इसकी जरूरत शनिवार को नहीं पड़ी। कड़ाके की ठंड तथा तेज पछिया हवा में कांपते कतार में खड़े किसान अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। प्रत्येक किसान को दो बैग यूरिया दिया जा रहा था। मॉल पर वही किसान उपस्थित थे जिनके हाथ में कूपन था। जिन्होंने कूपन नहीं लिया था उन्हें पुलिस कतार से बाहर का रास्ता दिखा रही थी। हालांकि दोपहर में तेज धूप निकलने से किसान राहत महसूस कर रहे थे। शाम तक यूरिया का वितरण हुआ। बाकी लोगों को अगले दिन खाद देने के लिए बुलाया गया है। पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारी किसानों से बार बार आग्रह कर रहे थे कि थोड़ा इंतजार कीजिए सबको यूरिया मिलेगा।

### कालाबाजारी के कारण हो रही खाद की किल्लत

जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। खाद की किल्लत कालाबाजारी के कारण हो रही है। किसानों से मिल रही शिकायतों को देखते हुए शनिवार से खाद क्रय केंद्रों पर कृषि समन्वयकों की तैनाती की गई है। जो खाद विक्रेताओं के स्टॉक के आधार पर वितरण करा रहे हैं। वहीं, जिले के सभी प्रखंड में छापेमारी दल तैनात की गई है। शनिवार को दर्जनभर खाद विक्रेताओं के गोदामों में छापेमारी की गई है। वहीं, जहां पर सीमित स्टॉक है, वहां पर कूपन के माध्यम से खाद का वितरण किया जा रहा है। रविवार तक खाद की खेप प्रखंडों में भेजी जाएगी। जिसके बाद किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सकेगा।

**– मनोज कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, बक्सर**

## सीएसपी संचालक से लूटकांड में 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, लुटेरों की नहीं हुई सिनाख्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- गरुवार को अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लूट लिए थे 5.80 लाख

अनुमंडल के कृष्णाब्रम्ह थाना क्षेत्र के चौकियां गांव के समीप गुरुवार की शाम बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी संचालक से हुई लूट मामले में अबतक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। हालांकि इस मामले में पीड़ित ब्रह्मपुर के महुआर गांव निवासी सूबेदार सिंह के पुत्र उमाशंकर सिंह ने बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ कृष्णाब्रह्म थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। घटना के 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। कृष्णाब्रह्म पुलिस संदिग्ध अपराधियों की पहचान को लेकर बैंक के सीसीटीवी फुटेज को दो दिनों तक खंगालते रही। लेकिन इसमें कोई सफलता नहीं मिली है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस पीड़ित के बयान पर मामले को दर्ज कर छापेमारी कर रही है। बता दें कि पीड़ित डुमरांव के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा से 5 लाख 80 हजार की राशि निकासी कर अपने बैग में रख कर बाइक से करनामेपुर जाने के लिए जंगलीनाथ शिव मंदिर के रास्ते एनएच 84 फोरलेन पर पहुंचा तभी पीछे से चौकियां गांव के समीप बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने ओवरटेक तक पीड़ित के बाइक को गिरा दिया और गाली-गलौज करते हुए हथियार को कनपटी पर सटाकर बैग छीन बक्सर के तरफ निकल गये। पीड़ित के अनुसार अपराधियों की उम्र 25-30 वर्ष के बीच बतायी जाती है।

## नहीं रहे वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयराज चौधरी, हार्ट अटैक से हुई मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के राजनीतिक गलियारें में लगातार दूसरे दिन मातम पसरा है। शुक्रवार की देर रात हार्ट अटैक आने से पुराना भोजपुर निवासी व वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयराज चौधरी उम्र 62 वर्ष का निधन हो गया है। उनके निधन से परिजनों, पुराना भोजपुर के ग्रामीणों के साथ ही सामाजिक राजनैतिक कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया जाता है कि शुक्रवार की रात वे खाना खाकर सोने गए थे। रात करीब 11 बजे अचानक उन्हें सांस लेने में तकलीफ महसूस होने लगी। तब उन्होंने अपने पुत्र को इसकी जानकारी दी। पुत्र शिवजी स्थानीय स्तर पर आक्सीजन लगवा इलाज के लिए उन्हें बेहतर अस्पताल में लेकर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने



दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही पुराना भोजपुर में मातम पसर गया। स्व. चौधरी राजनीति में सक्रिय होने के साथ ही ही दाल के बड़े व्यवसायी थे। पिछले विधानसभा चुनाव में वे उस समय चर्चा में आए थे जब ब्रह्मपुर विधानसभा की चर्चित सीट पर भाजपा नेताओं को पछाड़ वीआईपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। इसके पहले वे एक बार इसी विस से सपा के टिकट पर भी चुनाव लड़ चुके है। लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

हालांकि पुराना भोजपुर के साथ ही वे ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र व आस पास के क्षेत्रों में अपने व्यवहार कुशलता के कारण काफी लोकप्रिय थे। उनके विरोधी भी उनके व्यवहार कुशलता के चर्चे करते थे। वे अपने पीछे पत्नी, इकलौते पुत्र शिवजी चौधरी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके करीब व पूर्व सरपंच भरत चौधरी, भाई बबन चौधरी, भतीजे जयद्रथ चौधरी, शंभू चौधरी आदि ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है। जिसकी भारपाई निकट भविष्य में करना संभव नहीं है। गौरतलब है कि गुरूवार को डुमरांव के पूर्व विधायक डा दाउद अली का निधन भी हुआ था। डुमरांव ने लगातार दूसरे दिन एक बड़े राजनेता को खो दिया है।

## एक नजर

### धर्म का काम है जरूरमंदों की सेवा, समाज को जोड़ने का काम करती है भाजपा: दुर्गेश सिंह



नावानगर। स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा महावीर मंदिर के पास शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के बैनर तले कार्यकताओं ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे। साथ ही कार्यकताओं ने कंबल देने के साथ इस कड़ाके की ठंड में अपनी बचाव करने की सलाह भी दिया। कंबल वितरण को लेकर सोनवर्षा महावीर मंदिर के पास जरूरतमंदों की भीड़ लगी हुई थी। कंबल वितरण के दौरान भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने कहा भाजपा का संकल्प सेवा ही संगठन हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी का संदेश सेवा ही धर्म है को चरितार्थ करते हुए आगे भी इस अभियान को जारी रखा जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा बड़ा धर्म है। सभी सामर्थवान लोगों को चाहिए कि वे समाज के जरूरतमंद लोगों को सहायता व सहयोग दे। इससे हमारा समाज मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज को सुंदर बनाने तथा लोगों को जोड़ने में विश्वास करती है। दुर्गेश ने कहा कि भाजयुमो के कार्यकर्ता हर समय लोगों की सेवा में तत्पर रहते है। उन्होंने मौसम का हवाला देते हुए कहा कि ठंड बहुत बढ़ गई है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरती चाहिए। कंबल वितरण की अध्यक्षता करते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से कड़ाके की ठंड को देखते हुए सोनवर्षा के लगभग 100 जरूरतमंद वृद्ध, गरीब असहाय एवं दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ प्रिय रंजन चौबे, जिला उपाध्यक्ष विमलेश सिंह, अक्षय ओझा, जिला मंत्री श्री अभिनंदन मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविशंकर कुशवाहा, विनय श्रीवास्तव, मृत्युंजय ओझा, बिट्टू कुमार, चंदन शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता थे।

### चौसा चुन्नी मार्ग पर सड़क किनारे गड्ढे से मिला युवक का शव, पहचान करने में जुटी पुलिस



**चौसा।** शनिवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौसा-चुन्नी मार्ग के किनारे गड्ढें से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसका उम्र 35-40 वर्ष के आस पास है तथा वह गुलाबी रंग का स्वेटर पहने हुए है। घटना स्थल के पास ही सड़क पर उसका एक चप्पल तथा टोपी भी मिला है। आशंका जताई जा रही है कि कही अन्यत्र हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए शव को यहा लाकर फेंक दिया गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शव को कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है। इसके बाद पुलिस आस पास के थानों में उसकी तस्वीर भेज पहचान का प्रयास कर रही है। संवाद संप्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। चौसा चुन्नी मार्ग के किनारे युवक का शव मिलने की खबर जंगल के आग की तरह आस पास के क्षेत्रों में फैल गई थी। देखते ही देखते वहा सैकड़ो की भीड़ लग गई थी। लोग कई तरह की चचाएं कर रहे थे। शव की शिनाख्त नहीं होने से भी कई सवाल खड़े हो रहे है। सूत्रों की मानें तो युवक यदि स्थानीय क्षेत्र का होता तो उसकी पहचान अबतक हो गई रहती। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव के पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### सिमरी पुलिस ने बलिहार गांव से 12 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**बक्सर।** सिमरी थाना पुलिस को शनिवार की देर रात बड़ी सफलता हाथ लगी। जब गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बलिहार गांव से 12 किलो गांजा बरामद किया। इसके साथ ही दो तस्करों को भी पकड़ा गया। सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। और भी तस्करों के सुराग मिलने की संभावना है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को शाम में सूचना मिली कि बलिहार गांव से दो युवक गांजा की खेप लेकर दूसरे गांव में पहुंचाने जा रहे हैं। उसके बाद पुलिस की एक टीम बनाकर बताए गए मकान की घेराबंदी की गई तो पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने लगे। जिसके बाद उन्हें पुलिस ने दबोच लिया गया। उसके बाद तलाशी ली गई तो एक बैग में भरा गांजा बरामद किया गया। जिसे थाने लाया गया उसका वजन किया गया तो लगभग 12 किलो गांजा वजन था। पुलिस दोनों तस्करों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। उम्मीद है कि सुबह तक बड़ी सफलता और हाथ लगेगी। पूछताछ करने के बाद पुलिस धंधे में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू करेगी।

### दानापुर पंडित दिनदयाल उपाध्याय रेल खंड के बीच बदली जा रही हैं कमजोर रेल पटरी

# ठंढ में रेल पटरियों के चटकने की घटनाओं पर सतर्क हुआ रेल प्रशासन

- हाल ही में टूटी पटरी से गुजरी थी पंजाब मेल

**केटी न्यूज/बक्सर**

ठंड के दिनों में आए दिन टूट रही वह जर्जर हो चुकी 52 केजी की रेल पटरी को जगह जगह बदलने का कार्य रेल पथ अभियंत्रण महकमा ने शुरू कर दिया है। साथ ही रेल पटरी के निचले हिस्से में लगे पेंडल क्लिप को भी कसा जा रहा है। ठंड में तापमान गिरने का असर रेल पटरियों पर भी पड़ रहा है। कहीं ना कहीं ट्रेन गुजरने के बाद रेल पटरी टूट जा रही है, तो कहीं टूटी पटरी पर से ट्रेन गुजर जा रही है।



अब तक बक्सर डीडीयू रेल खंड पर एक महीने के अंदर पटरी चटकने की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। जिसको लेकर अलर्ट मोड में आए रेल पथ अभियंत्रण विभाग द्वारा रेल ट्रैक पर गैंगमैन द्वारा पेट्रोलिंग कराया जा रहा है। ताकि कोई दुर्घटना नहीं हो सके।

### जाड़े में सिकुड़ने से चटकती हैं रेल पटरियां

रेल अधिकारियों की मानें तो जाड़े के दिनों में तापमान गिरने से रेल पटरियां सिकुड़ जाती है। जिस कारण पटरियों के चटकने की घटनाएं अधिक होती है। वही गर्मी के दिनों में रेल पटरियां अधिक तापमान के कारण फैलती है। यही कारण है कि रेल पटरियों के बीच में कुछ गैप भी छोड़ा जाता है। ताकी गर्मियों में रेल पटरियां प्रसारित हो मुड़े या टूटे नहीं। बहरहाल सर्दी के इस सीजन में तापमान में भारी गिरावट आने से रेल प्रशासन की मुश्किलें भी बढ़ गई है। हालांकि, पटरियों के साथ यह समस्या गर्मी के दिनों में भी देखने को मिलती है। गर्मी के दिनों में पटरियों का लोहा फैलने लगता है, जिसके कारण भी पटरियों की टूटने की शिकायत मिलती है।

गौरतलब हो कि हावड़ा दिल्ली रूट का मेन लाइन होने के कारण 110 से लेकर 130 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेनें चल रही हैं। बीते एक माह में दिलदारनगर सेक्शन और बक्सर सेक्शन के अंदर रेल ट्रैक फ्रेक्चर होने की 7 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसको लेकर रेल पथ अभियंत्रण महकमा हैरान और परेशान हो गया था। इस समस्या से निजात पाने के लिए बक्सर सेक्शन के चौसा से लगायत भदौरा और दिलदारनगर से लगायत कुछमन तक जर्जर हो चुकी 52 केजी रेल पटरियों को विभाग द्वारा बदलने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर वरीय अनुभाग अभियंता रेल पत्र ने बताया कि जाड़े में रेलवे ट्रैक चटकने की बढ़ती घटनाओं को लेकर 24 घंटे रेल पटरियों की निगरानी ट्रैक मैनों द्वारा कराई जाती है साथ ही जहां पर कमजोर पटरी नजर आ रही है उसे चिन्हित करके बदलने का भी कार्य किया जा रहा है।

## छोटी खबरें

### अनियंत्रित बोलेरो ने मासूम को रौंदा, मौत

**बलिया।** रसड़ा-मऊ मार्ग स्थित नारायणपुर आईटीआई स्कूल के सामने शनिवार की सुबह तेज रफ्तार बोलेरो बालक को रौंदते हुए बेकाबू होकर पलट गई। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बोलेरो को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। रसड़ा के उमाशंकरपुरम गांधी पार्क निवासी डब्लू अपने परिवार के साथ सड़क किनारे बांस की दउरी और टोकरी बनाने का काम करता है। घटना के वक्त परिवार के साथ टोकरी बना रहा था। तभी अचानक बलिया से मऊ जा रही तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर सड़क के किनारे बैठे उसके पुत्र रोहित (10) को रौंदते हुए पलट गई। घटना स्थल पर ही लहुलूहान रोहित ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रोहित को रसड़ा अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मचा है।

### सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक जख्मी

**बलिया।** दुबहड़ थाना क्षेत्र के ब्यासी ढाले के पास चलते टेम्पों से नशे में धुत एक युवक को टेम्पों चालक ने टेम्पों से धक्का मारकर गिरा दिया और खुद फरार हो गया। बेहोश युवक को घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार चल रहा है। होश में आने के बाद घायल युवक ने अपना नाम पंकज ठाकुर 26 वर्ष पुत्र विद्याधर ठाकुर निवासी बसरिकापुर बताया। आपके जानकारी के बता दें कि शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे एक युवक बलिस से अपने घर बसरिखापुर जा रहा था। जो नशे में धुत था। ब्यासी ढाले के पास टेम्पों चालक ने नशे में धुत युवक को धक्का देकर फरार हो गया। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को एम्बुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल भेजवाया।

### सड़क सुरक्षा के तहत दी गई जानकारी

**मऊ।** जनपद में एआरटीओ कहकशां खातून के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा माह 5 जनवरी से गाजीपुर तिराहा भीटी चौराहा मिर्जहादीपुर चौराहा एवं फातिमा चौराहा के पास शुरू किया गया। जिसमें एआरटीओ कहकशां खातून ने बताया कि पहले पखवाड़े में सड़क सुरक्षा संबंधित लोगों को जागरूक किया गया और नियमों के सारे विस्तार बताए गए। लोगों को बताया कि अगर उसके बाद नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई भी की जाएगी उन्होंने बताया कि सीट बेल्ट लगाने एवं हेलमेट लगाने वालों को माला पहनाकर स्वागत किया और जो नियमों का पालन नहीं किए आज उनको भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। ताकि आगे सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने न करने वाले अपनी जिम्मेदारी का एहसास कर सकें।

# गाजीपुरः दारोगा की वर्दी पहन वसूली कर रहा युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

- रेप का मामला बनाकर दस हजार रुपए मांग रहा था घूस
- पकड़े गए आरोपित के पास से पुलिस ने बरामद किया तमंचा, पुलिस वर्दी और फर्जी पुलिस आई-डी कार्ड

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। पुलिस उप निरीक्षक की वर्दी पहनकर विवेचक बनकर धन उगाही कर रहा था। फर्जी उप निरीक्षक को थाना दुल्लहपुर पुलिस ने एक तमंचा, एक सेट पुलिस वर्दी व फर्जी पुलिस आईडी कार्ड के साथ पकड़ा है। उसके पास एक तमंचा बरामद भी किया गया है।

यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए चलाए जा रहे। अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दुल्लहपुर पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में सक्रिय एक फर्जी उपनिरीक्षक की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके आधार पर थाना पुलिस दिनांक एक जनवरी 2023 से ही सुरागरसी में जुटी हुई थी। कल शुक्रवार को थानाध्यक्ष दुल्लहपुर प्रवीण यादव द्वारा पुलिस टीम को अमारी गेट पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। तभी चेकिंग के दौरान दूरभाष पर सूचना मिली कि ग्राम धामूपुर में कुछ लोगों के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया है, जो दारोगा की वर्दी पहनकर गांव में जांच के लिए आया है।


प्रेसवार्ता में जानकारी देते एसपी

### पीड़ित ने पुलिस को दी सूचना

एक व्यक्ति दस हजार की मांग कर रहा है। उसके हाव भाव संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ग्राम धामूपुर पहुंची, जहां पर गांव के ही रहने वाले रविन्द्र यादव पुत्र बृजमोहन यादव निवासी धामूपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर द्वारा पूरी घटना की जानकारी देते हुए पुलिस को बताया गया की उक्त व्यक्ति जो अपने आपको पुलिस उप निरीक्षक बता रहा था, मेरे पास आकर कहा की वह संजय है और उसकी नियुक्ति थाना दुल्लहपुर में है। तुम्हारे खिलाफ एक लड़की ने रेप का प्रार्थना पत्र दिया है। अगर तुम चाहते हो की मैं तुम्हें जेल न भेजूं तो मुझे दस हजार रूपया दे दो। मुझे संदेह हुआ तो मैंने इसे रोक लिया। स्थानीय पुलिस को सूचना देकर पुलिस को एक प्रार्थना पत्र भी प्रदान किया। इसके आधार पर अभियुक्त संजय कुमार पुत्र स्व. हरिकिशुन राम निवासी धरिया थाना मरदह जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया।

**फर्जी आईडी व प्रमाण पत्र बरामद हुआ :** गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर व एक सेट पुलिस वर्दी, फर्जी पुलिस आईड़ी फर्जी नेम प्लेट के साथ अन्य चीजें बरामद हुई है। अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है, जो पूर्व मे भी जेल जा चुका है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुअस. 04/23 धारा 170 ,171, 389, 420 आईपीसी व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बलिया में समाधान दिवस पर 36 मामले आए, 4 का मौके पर हुआ निस्तारण

# जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए, वर्ना होगी कार्रवाईः डीएम


समाधान दिवस पर लोगों की फरियाद सुनती जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

नए वर्ष के प्रथम माह के प्रथम सप्ताह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील बलिया में किया गया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने तहसील बलिया सदर में समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुनी। उनके सामने भूमि विवाद,बिजली, पानी, सफाई, चिकित्सा और सुरक्षा से संबंधित मामले आए। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द सभी मामलों का निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी मामले का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुन ली जाए। भूमि और राजस्व के मामले में उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर जाकर मौका मुआयना करके ही मामले का निस्तारण करें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उसे जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए। समाधान दिवस बलिया सदर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर, उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## गाजीपुर में कृषि पदाधिकारी पर डीलरों से धन उगाही कर यूरिया खाद की कालाबाजारी करने का लगा गंभीर आरोप

- एसडीएम ने यूरिया की कालाबाजारी के प्रकरण की जांच कराने का दिया किसानों को आश्वासन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सेवराई तहसील पर आयोजित समाधान दिवस पर किसानों के हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत में जिला कृषि अधिकारी पर डीलरों से अवैध धन उगाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार यूरिया खाद की कालाबाजारी करने का किसानों ने गंभीर आरोप लगाया।

एसडीएम ने मामले को संज्ञान लेकर यूरिया की कालाबाजारी के पूरे प्रकरण की जांच कराने का किसानों को आश्वासन दिया। सेवराई तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद का बाजारों में भारी किल्लत होने के वजह से दुकानदारों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि 266.50 रुपये प्रति बोरी बिकने वाली यूरिया को दुकानदार 400 रुपए प्रति बोरी बेच रहे हैं। सेवराई गांव के किसान डा. वशिष्ठ सिंह ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में जिला कृषि अधिकारी पर सीधा सीधा डीलरों से अवैध धन उगाही करने का आरोप लगाते हुए बताया कि जिला कृषि अधिकारी की मिलीभगत से डिलर व दुकानदार यूरिया खाद मनमाने तरीके से 400 रुपये प्रति बोरी बेच रहे हैं। फोन करने पर कृषि अधिकारी द्वारा फोन भी रिसीव नहीं किया जा रहा है। इस संदर्भ में एसडीएम ने बताया कि किसानों द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया है। जिसमें बताया गया कि यूरिया की कालाबाजारी जिला कृषि अधिकारी के मिलीभगत से किया जा रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद जांच की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेरे क्षेत्र में किसी भी हाल में यूरिया की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी।

### फर्जी तरीके से वरासत कराने का आया मामला

**गाजीपुर।** सेवराई तहसील पर समाधान दिवस पर धन के लालच के लिए बड़े पुत्र ने अपने ही पिता को मृत घोषित कर उनकी संपति को फर्जी तरीके से वरासत कराने का मामला आया। गहमर थाना क्षेत्र के लहना गांव के राहुल राय ने समाधान दिवस पर एसडीएम सेवराई को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें उसने अपने बड़े भाई के खिलाफ घर की संपत्ति को पिता को मृत घोषित कर वरासत कराने का आरोप लगाया। राहुल ने आरोप लगाया कि हल्के के लेखपाल उसके भाई विनय कुमार सहित कुल 6 लोगों ने उसके पैतृक जमीन को पिता की झूठी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया। राहुल ने इस बात की विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित का आरोप है की पुश्तैनी जमीन का फर्जी तरीके से वरासत कराकर बैनामा कराए जाने के साथ उनके पुस्तैनी घर के हिस्से को भी एक लाख रुपये में विक्रय कर दिया गया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिले के 40 शिकायतकर्ताओं ने दिए आवेदन

**केटी न्यूज/ मऊ**

मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए नवागत उप जिला अधिकारी अवधेश चौहान ने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामलों का निस्तारण करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कुल 40 प्रार्थना पत्रों में से दो मामले का निस्तारण मौके पर किया गया।

फरियादी अंजू देवी ग्राम खटी वहां करकट दीवाल पर रखने के संबंध में शमशाद वाली ग्राम कबीरा बाद ट्रांसफार्मर लगवाने के संबंध में महेंद्र कुमार मोहल्ला जमालपुर ट्रांसफार्मर हटवाने के संबंध में उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। जबकि ज्यादातर प्रार्थना पत्र राजस्व वृद्धा पेंशन राशन कार्ड से संबंधित पड़े। एसडीएम अवधेश चौहान ने पढ़े हुए प्रार्थना पत्र को संबंधित विभाग को देखकर 2 दिन के अंदर गुणवत्ता एवं स्वच्छता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता नायब तहसीलदार गौरव सा खंड शिक्षा अधिकारी एसके सिंह रवि प्रकाश एसडीओ विद्युत नीरज कुमार खंड विकास अधिकारी रामकिशुन खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश राय कोतवाल शैलेश सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत वलीदपुर नितेश गौरव समेत तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नपा ने अब तक नहीं की अलाव की व्यवस्था

- कागज व कूड़े जला ठंड़ से बचते दिखे लोग

**केटी न्यूज/ बलिया**



पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पशु पक्षी आदमी बेहाल है। बलिया जनपद के अंदर मनियर की बात करें तो मनियर की सड़कों पर लोग ठिठुरते देखे गए। कहीं कागज तो कहीं घास फूस तो कहीं अपने पास से लकड़ी जलाकर लोग ठंड से बचते हुए देखे जा रहे है।

मनियर बस स्टैंड से लगायत सिनेमा हॉल के आगे मलाहु टोला तक नगर पंचायत क्षेत्र में ही आता है। लेकिन अगर थाने की बात छोड़ दी जाय तो कहीं पर नगर पंचायत का अलाव देखने को नहीं मिल रहा है। चांदू पाकड़ पुलिया के पास, सेंट्रल बैंक के पास, मनियर बस स्टैंड पर लोग अपने तरफ से आग जलाकर, कहीं-कहीं कागज जलाकर लोग ठंड से बचाव करते दिखे। नगर पंचायत की लकड़ी जलते हुए सिर्फ मनियर थाने पर दिखाई दी इसके अलावा कहीं लकड़ी बस स्टैंड से लेकर चांदू पाकड़ सिनेमा हाल तक गिरा हुआ नहीं दिखा। कई लोगों ने कहा कि शनिवार की सुबह या शुक्रवार की शाम को कहीं नगर पंचायत द्वारा लकड़ी नहीं गिरा। लोगों का यह भी कहना है कि कभी कभार छोटी मैजिक पर आधा भरे लकड़ी आता है और कहीं-कहीं लकड़ी गिरा कर नगर पंचायत के कर्मचारी चले जाते हैं।

## एक नजर

### मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक कार्यालय नवानगर का किया औचक निरीक्षण



**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने शनिवार को ब्लॉक कार्यालय नवानगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक कर्मियों में अफरातफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों की बारीकी से पड़ताल करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान नवानगर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। सीडीओ ने ब्लॉक प्रांगण में बन रहे मीटिंग हाल व शौचालय, कार्यालय के अभिलेख सहित कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान पत्रावली को सही ढंग से नही रखने के कारण नराजगी ब्यक्त किये व आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी। जहां निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सही ढंग से पत्रावलियो के न होने पर नाराजगी जाहिर की। मनरेगा के शोशल आडिट को सही ढंग से कराने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी नवानगर कमलेश कुमार यादव व खण्ड विकास अधिकारी पंदह दीपक सिंह को दिए व कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत में किसी भी तरह की अनियमितता निकल कर सामने आती है तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। ब्लॉक परिसर में बन रहे मीटिंग हाल की तारीफ किये और कहे कि इसके बन जाने से मीटिंग लेने में सुबिधा होगी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक नन्द लाल मौर्य, लेखाकार शमशाद आलम, कम्प्यूटर ऑपरेटर मनरेगा मनोज तिवारी, लेखा सहायक मनरेगा राजेश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक राव, अजय कुमार, रामभजन, सचिन्द्र कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### बलिया में बाढ़ के डर से नवविवाहिता ने ससुराल में रहने से किया इन्कार



**बलिया।** बाढ़ की डर से एक नव विवाहिता ने ससुराल आने से मना कर दिया। उसने साफ कह दिया है कि मैं दियारे में नहीं रहूंगी........शहर में रहूंगी। तुम्हारे घर में भूत है। परिजनों के अनुसार उसके ससुराल आने के बाद दियारे क्षेत्र में बाढ़ आ गई। बाढ़ बाद विवाहिता फिर मायके चली गई। उसके बाद आने का नाम ही नहीं ले रही थी। पंचायत के बाद आई लेकिन कुछ दिन बाद यहां न रहने की जिद ठान ली। करीब डेढ़ वर्ष बाद विवाहिता ने ससुराल में यह कहते हुए रहने से मना कर दिया कि मैं दियारे में नहीं रहूंगी। साथ ही उसने कहा कि तुम्हारे घर भूत भी है। विवाहिता का ससुराल मनियर थाना क्षेत्र के एक गांव में है तथा उसका दियारे में डेरे पर एक घर है। जहां उसका पति लेकर उसे दियारे में रहता था लेकिन पत्नी ने दियारे में रहने से मना कर दिया तो पति ने कहा कि ठीक है दियारे में मत रहो। बांगर में मेरा घर है वहां रहो। वहां भी विवाहिता रहने से मना कर दिया। कह रही है कि मैं शहर में रहूंगी। विवाहिता का पति उसे शहर में रखने में सक्षम नहीं है। इस संबंध में पंचायत भी हुई लाख मान मनौवल किया गया। मामला मनियर थाने पर भी पहुंचा लेकिन विवाहिता भी जिद पर अड़ी रही। अंत में विवाहिता का संबंध उसके पति से छूट गया और विवाहिता अपने मायके चली गई। पति के अनुसार उनकी शादी 2021 में हुई थी।

### मऊ में नहर का साइफन टूटने से सैकड़ों बीघा गेंहू की फसल हुई जलमग्न



**मऊ।** नहर साइफन टूटने से कई बीघा गेंहू की फसल डूब गई। घटना रतनपुरा प्रखंड के ग्राम पंचायत गाढ़ा के जोगापुर में हुई। जहां शारदा सहायक खंड 32 निकलने वाली नहर में जोगापुर गांव के पास नहर सफाई के चलते साईफन टूट गया। पानी आ जाने के चलते बीती रात्रि किसानो की गेहू की फैसले डूब गयी है। तड़के सुबह जैसे ही किसानो को इस बात का पता चला सभी मौके पर पहुंच टूटी नहर को बांधने की कोशिश किया। लेकिन सफल नहीं हो सके। बताया जाता है कि अभी हाल में ही नहर विंभाग द्वारा नहरों का मरम्मत और सफाई का कार्य खत्म हुआ है। हलाकि समय समय पर किसानो और अन्य संगठनों द्वारा सफाई के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगता रहा। शारदा सहायक खंड 32 में जब पानी छोड़ा गया तो नहर की मरम्मत और सफाई की पोल खोलकर रख दिया। जब किसानो को मालूम हुआ तो माइनर को बंधवाने का प्रयास शुरू कर दिया। तबतक जोगापुर के सुजीत कुमार सिंह, अजीत सिंह, राजेश कुमार, शिवमुनि सिंह महातम सिंह जवाहर राम, संतोष सिंह का लगभग 25 बीघा गेहू की फसल डूब कर खराब हो चुकी थी। किसान संतोष कुमार सिंह, राजेश सिंह, सुजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में किसानों ने शासन प्रशासन से आग्रह किया है कि भारी नुकसान को देखते हुए किसानों को मुआवजा दिया जाए। ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति संभल सके।

## जननायक चन्द्रशेखर विवि में परिषदीय विद्यालय के बच्चों को दिया जाएगा किट, जल भरो आन्दोलन कार्यक्रम का भी आयोजन

# विवि का चौथा दीक्षांत समारोह कल, 34 मेधावियों को मेडल देंगी राज्यपाल

- पिछली बार 32 एकेडमिक मेडल दिये गये थे, जिसमें 25 छात्राएं और 7 छात्र थे

**केटी न्यूज/बलिया**

जननायक चन्द्रशेखर विवि का चौथा दीक्षान्त समारोह 9 जनवरी को होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शामिल होंगी। इस दीक्षात समारोह में 34 मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा, जिसमें 28 छात्राएं व 6 छात्र हैं। इसकी जानकारी विवि की कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल 12:30-2:49 बजे तक दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाला यह दूसरा दीक्षांत समारोह होगा। मेधावियों को मेडल देने के अलावा परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी किट का वितरण करेंगी। जिसमें स्कूल बैग व पढ़ाई-लिखाई से सम्बन्धित सामग्री होगी। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को सुबह 11 बजे भूमि पूजन के बाद राज्यपाल के कार्यक्रम का रिहर्सल होगा। पिछली बार 32 एकेडमिक मेडल दिये गये थे, जिसमें 25 छात्राएं व 7 छात्र थे। पिछली बार दो मेडल खेल के क्षेत्र में दिये गये थे। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस बार भी खेलो इण्डिया में यूनिवर्सिटी के छात्र गये हैं। यूथ फेस्टिवल में भी बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। विवि में रेडियो स्टेशन चलाने की दिशा में भी हम कदम बढ़ा रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट के लिए भी लगातार कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहा है।


जानकारी देती कुलपति

### इस बार भी गोल्ड मेडल में छात्राएं आगे

आगामी नौ जनवरी को जननायक विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर है। प्रेसवार्ता के दौरान कुलपति कल्पलता पांडेय ने कहा कि इस बार चौथा दीक्षांत समारोह के आयोजन में राज्यपाल महोदया का आगमन हो रहा है। पिछली बार की अपेक्षाकृत फिर गोल्ड मेडल में लड़कियों की संख्या ज्यादा है।गोल्ड मेडल में 28 लडकियां और मात्र 6 लड़के हैं।जिन्हे राज्यपाल के हाथों मेडल दिया जायेगा।

**इसरो के प्रोफेसर भी होंगे शामिल :** कुलपति प्रो पाण्डेय ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान जल संरक्षण के दृष्टिगत ह्यजल भरो आन्दोलनह्य कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल ही होंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इसरो के वरिष्ठ प्रोफेसर वाईएस राजन व प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इसरो के प्रोफेसर वाईएस राजन पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वीसी रहने के अलावा मिसाइल मैन कलाम के साथ भी काम कर चुके हैं। इनका आगमन भी हम सबके लिए सौभाग्य की बात है।